Government of Canada / Gouvernement du Canada

Canada

## लोकतंत्र की रक्षा करना

# **सामुदायिक लीडरों** के लिए **गलत जानकारी** और **विदेशी हस्तक्षेप** का विरोध करने हेतु टूलकिट

### *गलत जानकारी*

*जानबूझकर गुमराह करने के उद्देश्य से दी गई झूठी जानकारी।*

### *विदेशी हस्तक्षेप*

*विदेशी समूहों, राज्य प्रयोजित शक्तियों या व्यक्तियों द्वारा अपने हितों को आगे बढ़ाने के लिए जानबूझकर और गुप्त गतिविधियाँ करना, जो अक्सर कैनेडा के राष्ट्रीय हितों के लिए हानिकारक होती हैं।*

**गलत जानकारी और विदेशी हस्तक्षेप के खिलाफ हमारा सबसे अच्छा बचाव जागरूकता और समझ के माध्यम से सुदृढ़ता प्रदान करना है।**

कैनेडा और दुनिया भर में, लोकतंत्र और लोकतांत्रिक संस्थाओं (जैसे संसद, प्रांतीय विधायिकाएँ, चुनावी प्रक्रिया) को लंबे समय से ऐसे लोगों या समूहों से खतरों का सामना करना पड़ रहा है जिनका लक्ष्य उन्हें कमजोर करना और नागरिकों का सरकार में विश्वास कमज़ोर करना है।

इसमें गलत सूचना - गलत जानकारी का जानबूझकर प्रसार, तथा विदेशी हस्तक्षेप शामिल है, जिसका कैनेडा में रहने वाले लोगों के कल्याण तथा कैनेडा की एकता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

**आप गलत जानकारी और विदेशी हस्तक्षेप के खतरों के बारे में जागरूक होकर, झूठी जानकारी की पहचान करना सीखकर, तथा यह समझकर कि ऑनलाइन जानकारी कैसे साझा और उपयोग की जाती है, स्वयं को और दूसरों को सुरक्षित कर सकते हैं।**

**अधिक जानकारी और संसाधनों के लिए,**
**कैनेडा की लोकतांत्रिक संस्थाओं की सुरक्षा और विदेशी हस्तक्षेप पर जाएं।**

# गलत जानकारी

## गलत जानकारी को पहचानने के लिए सुझाव

### मूल कहानी की पुष्टि करें।

निष्कर्ष निकालने या साझा करने से पहले सामग्री की सटीकता पर विचार करें।

यह सुनिश्चित करने के लिए भी जांच करें कि लेखक और स्रोत विश्वसनीय हैं।

### जानकारी सत्यापित करने के लिए ऑनलाइन खोज इंजनों का उपयोग करें।

अपनी खोज में “धोखा”, “घोटाला” या “नकली” जैसे मुख्य शब्द शामिल करें।

### विभिन्न स्रोतों से प्राप्त जानकारी की तुलना करें।

- □ क्या जानकारी ताज़ा है?
- □ क्या जानकारी वर्तमान घटनाओं के लिए प्रासंगिक है?

### साइबर खतरों से स्वयं को सुरक्षित रखें।

- □ प्रतिष्ठित एंटीवायरस और मैलवेयर सॉफ़्टवेयर स्थापित करें।
- □ मजबूत पासवर्ड सेट करें और बहु-कारक प्रमाणीकरण का उपयोग करें।

### डिज़ाइन तत्वों को देखें।

- □ क्या डिज़ाइन बेमेल लग रहा है?
- □ अव्यवसायिक लोगो, असामान्य रंग या विषम रिक्तियों पर ध्यान दें।

### डोमेन नामों को सत्यापित करें।

- □ क्या लिंक का पता संगठन के आधिकारिक नाम से मेल खाता है?
- □ क्या लिंक के पते में कोई टाइपो (typo) हैं?

✓ www.canada.ca
⊘ www.canada.net
⊘ www.canadaa.ca

**हर कोई गलत जानकारी पर विश्वास करने के लिए अतिसंवेदनशील होता है। आप जो जानकारी ग्रहण करते हैं उसके बारे में गंभीरता से सोचें और यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाएं कि आपके द्वारा साझा की गई जानकारी सटीक और विश्वसनीय है।**

# गलत जानकारी को पहचानना कठिन हो सकता है, लेकिन कुछ सामान्य संकेत हैं जिन पर ध्यान देना चाहिए

ऐसी सामग्री खोजें :

- **जो भावनात्मक प्रतिक्रिया को उकसाती है, विशेष रूप से नकारात्मक या भयावह दावों के साथ**
- **जो वैध जानकारी के छोटे-छोटे भागों का उपयोग करती है, जो अतिरंजित या विकृत हैं**
- **जो फ़ोटो या छवियों को बदलकर या उन्हें संदर्भ से बाहर रखकर उनमें हेरफेर करती है**
- **जो किसी विवादास्पद मुद्दे पर साहसिक या उग्र बयान देती है**
- **जिसमें "क्लिकबेट" शामिल है**: सनसनीखेज और जानबूझकर भ्रामक शीर्षक, चित्र और वीडियो जो दर्शकों को विशिष्ट लिंकों पर क्लिक करने के लिए लुभाने के लिए बनाए गए हैं
- **जिसे गलत जानकारी फैलाने के ट्रैक रिकॉर्ड वाले प्लेटफ़ॉर्मोंपर व्यापक रूप से साझा किया गया है**
- **जो ऐसे दावे करती है जो सच होने के लिए बहुत अच्छे लगते हैं**

# गलत जानकारी का प्रसार रोकें

## सावधान रहें।

गलत जानकारी की पहचान करने के लिए आवश्यक उपकरणों से स्वयं को सुसज्जित रखें।

## इसे समझें।

समझें कि इंटरनेट और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म किस प्रकार काम करते हैं और आपके द्वारा उपभोग की जाने वाली जानकारी में हेरफेर करने के संभावित प्रयास क्या हैं। जानकारी प्राप्त करते समय सतर्क रहें। सामान्य संकेतों पर ध्यान दें, जिनमें ऐसी सामग्री शामिल है: जो असाधारण दावा करती है; जो सच होने के लिए बहुत अच्छी लगती है; और जिसे गलत जानकारी फैलाने के ट्रैक रिकॉर्ड वाले प्लेटफार्मों पर व्यापक रूप से साझा किया गया है।

## सटीकता की संस्कृति को बढ़ावा दें।

दर्शाइए कि आप जानकारी की सटीकता को महत्व देते हैं और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित कीजिए।

## अपने स्रोतों की पुष्टि करें।

सबसे पहले अपने स्रोतों की जांच करें और देखें कि क्या विश्वसनीय स्रोत भी वही जानकारी दे रहे हैं। आप जानकारी की सत्यता की जांच करने में आपकी सहायता करने के लिए सुझाव और संसाधन Canada.ca पर पा सकते हैं।

## इसकी रिपोर्ट करें।

सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म उपयोगकर्ताओं को गलत जानकारी की रिपोर्ट करने का एक तरीका प्रदान करते हैं।

**गलत जानकारी की पहचान, तथ्य-जांच और प्रतिकार करने के तरीके के बारे में अधिक जानकारी के लिए ऑनलाइन गलत जानकारी पर जाएँ।**

# विदेशी हस्तक्षेप

विदेशी हस्तक्षेप विश्वास को खत्म कर सकता है तथा हमारी लोकतांत्रिक संस्थाओं, राजनीतिक प्रणाली, मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रताओं की अखंडता तथा अंततः हमारी संप्रभुता को खतरे में डाल सकता है।

विदेशी राज्य प्रयोजित शक्तियां या गैर-राज्य प्रयोजित शक्तियां समाज के सभी पहलुओं, जैसे विविध समुदायों, चुनावी प्रक्रियाओं, उच्चतर माध्यमिक परिसरों, तथा पारंपरिक और सामाजिक मीडिया को लक्षित करने के लिए विभिन्न प्रकार की तकनीकों का उपयोग करते हैं। विदेशी राज्य प्रयोजित शक्तियों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली सामान्य तकनीकों या गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं: प्रलोभन, सभ्यता, जबरदस्ती, अवैध वित्तपोषण, साइबर घटनाएं, धमकाना और गलत जानकारी।

वैध अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और कूटनीति,  जो पारदर्शी और सद्भावनापूर्वक की जाती है, के विपरीत, विदेशी हस्तक्षेप गुप्त और दुर्भावनापूर्ण होता है। कुछ अन्य चिंताजनक संकेत जिन पर ध्यान देना चाहिए, वे हैं:

- ☐ संचार, रिश्तों, व्यवहार और बातचीत के बारे में पारदर्शिता की कमी
- ☐ सुझाव या निहितार्थ कि बातचीत के परिणामस्वरूप एहसान या लाभ का आदान-प्रदान होगा (क्विड प्रो क्वो)
- ☐ असामान्य रूप से उदार उपहारों, यात्रा या अन्य लाभों की पेशकश
- ☐ विशेष विचारों, राय या स्थितियों का समर्थन करने के लिए दूसरों को प्रभावित करने का दबाव

## विदेशी हस्तक्षेप से स्वयं को सुरक्षित रखें

**सतर्क रहें।** विदेशी हस्तक्षेप के खिलाफ लड़ाई में हर किसी को अपनी भूमिका निभानी है।

**साइबर सुरक्षित रहें।** साइबर सुरक्षा के बारे में स्वयं को शिक्षित करें। खुद को ऑनलाइन सुरक्षित रखने के लिए आप जो कदम उठा सकते हैं, उनके लिए गेट साइबर सेफ पर जाएँ।

**अपने स्रोतों की पुष्टि करें।** यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपको सही जानकारी मिल रही है, अपने जानकारी स्रोतों की विश्वसनीयता की जांच करें।

**इसकी रिपोर्ट करें।** संदिग्ध गतिविधियों और धमकाने, उत्पीड़न, जबरदस्ती या डराने की किसी भी घटना की सूचना स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों या कनेडियन सेक्युरिटी इंटेलिजेंस सर्विस (CSIS) को दी जानी चाहिए।

**विदेशी हस्तक्षेप से खुद को बचाने के तरीकों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, विदेशी हस्तक्षेप और आप और विदेशी हस्तक्षेप से स्वयं को सुरक्षित रखें से परामर्श करें।**

## कैनेडा में विदेशी हस्तक्षेप की रिपोर्ट कैसे करें

कैनेडा में कोई भी व्यक्ति जो चिंतित है कि उन्हें विदेशी हस्तक्षेप के उद्देश्य से राज्य प्रयोजित शक्तियों या गैर-राज्य प्रयोजित शक्तियों के द्वारा निशाना बनाया जा रहा है, उन्हें स्थानीय पुलिस या **रॉयल कनेडियन माउंटेड पुलिस के नैशनल सेक्युरिटी इन्फर्मेशन नेटवर्क** से 1-800-420-5805 पर, या https://rcmp.ca/report-it पर ईमेल द्वारा संपर्क करना चाहिए।

**कनेडियन सेक्युरिटी इंटेलिजेंस सर्विस** को जासूसी या विदेशी हस्तक्षेप की रिपोर्ट 613-993-9620 या 1-800-267-7685 पर या ऑनलाइन करें।

© कैनेडा की सत्ता में महामहिम राजा, जैसा कि डेमोक्रेटिक इंस्टीट्यूशंस के मंत्री 2023, द्वारा प्रतिनिधित्व किया गया है।

ISBN: 978-0-660-72458-4
CP22-207/1-2023Hin-PDF

Also available in English, French and other languages.

Aussi disponible en anglais, français et autres langues.